हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री


2 ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग




## खबर संक्षेप

### मौसम में बदलाव शाम को छाए बादल

**सोनहत।** 1 अप्रैल को विकासखंड स्तर पर सुबह से दोपहर तक तेज धूप के बाद मौसम में हल्का बदलाव जारी होता नजर आया, जो शाम होते लगभग 5 बजे के बाद से आसमान बादल छाए रहे। हालांकि मौसम में गर्मी दिनभर बनी रही, फिर भी शाम के समय मौसम करवटी तेवर से आने वाले दिनों में बारिश पानी के आसार नजर आने लगे हैं।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**चरचा कॉलरी।** श्रमवीर स्टेडियम चरचा कॉलरी में स्व. अमर साय स्मृति अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 अप्रैल तक किया जाएगा। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता प्रतिदिन शाम 6 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देना और युवाओं को इस खेल में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता में राज्य की विभिन्न टीमें भाग लेंगी, इससे यह एक क्षेत्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा होगी। आयोजन एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा माइन आरओ सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आयोजन समिति में अध्यक्ष खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह, उपाध्यक्ष महेश कुमार, रवि मरीक, सचिव जितेन्द्र श्रीवास्तव, सह सचिव नरेन्द्र सिंह, आजाद सिंह एवं कोषाध्यक्ष भूदेव प्रसाद शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 अप्रैल को होगा, जबकि 4 अप्रैल को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल होंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह रहेंगे। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51,000 और उपविजेता टीम को 31,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### कॉलेज में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रदेशाध्यक्ष एनएसयूआई नीरज पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य, प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी सौरभ मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कासीम अंसारी विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश शर्मा, संकेत शर्मा, रतीन शर्मा, प्राचार्या एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों ने अपनी शानदार गायन प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विशेष रूप से रतीन शर्मा के गीत ने समस्त वातावरण को संगीतमय बना दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, मंच प्रदर्शन कौशल को विकसित करना और उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रकट करने का था।

## एक किमी इन्फेक्टेड और 10 किमी सर्विलेन्स जोन घोषित, कोरिया जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर

# बर्ड फ्लू : 34 हजार से ज्यादा पोल्ट्री उत्पाद किए गए नष्ट, कोरिया की सीमा पर बैरियर, बढ़ी निगरानी



शासकीय पोल्ट्री जहां बर्ड फ्लू फैला।



पीपी किट पहनकर पक्षियों समेत पोल्ट्री उत्पादों को किया गया नष्ट।




प्रेसवार्ता को संबोधित करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ पोल्ट्री उत्पादों की खरीद-बिक्री पर सख्त प्रतिबंध

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन एन्फ्लुएन्जा) की पुष्टि होते ही प्रशासन सतर्क हो गया है। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक किमी की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और 10 किमी की परिधि को सर्विलेन्स जोन घोषित कर दिया है।

मंगलवार की सुबह 10:45 बजे कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बर्ड फ्लू संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए इन्फेक्टेड जोन में पोल्ट्री उत्पादों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। वहीं सर्विलेन्स जोन में मुर्गा, अंडा और अन्य पोल्ट्री उत्पादों के बाजार एवं दुकानों को बंद कर दिया गया है, इसके अलावा डोर-टू-डोर डिलीवरी पर भी

⏭ शेष पेज 4 पर

### नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को लिखा था पत्र

नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने पूर्व में अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया था। उन्होंने बताया था कि पोल्ट्री फार्म की वजह से क्षेत्र में मक्खियों का प्रकोप बना है तथा दुर्गंध फैली रहती है।

इस कारण लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 में स्थित मुर्गी फार्म (हेचरी) अब नगरवासियों के लिए गंभीर संकट बन चुका है। यह फार्म धार्मिक स्थलों, विद्यालयों, गार्डन और रिहायशी इलाकों के बीच स्थित हैं, जहां से उठने वाली दुर्गंध, गंदगी और जहरीली हवा आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सिंह कई बार प्रशासन को पत्राचार कर चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है।

### कलेक्टर ने रात में बुलाई आपातकालीन बैठक

जिले के प्रेमाबाग स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केन्द्र में बर्ड फ्लू (एचफाइपएनवन) संक्रमण की पुष्टि होने के बाद कलेक्टर कैंप ऑफिस में आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। इसमें कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुर्रे, सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, एडीएम अरुण मरकाम, एसडीएम दीपिका नेताम, सीएमएचओ प्रशांत सिंह, सीएमओ संजय दुबे और वेटरिनरी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भारत सरकार के मानकों के अनुसार सूर्योदय से पूर्व सभी संक्रमित पक्षियों, चूजों और अंडों का विनष्टीकरण किए जाने की



रणनीति तैयार की गई। वहीं कलेक्टर के निर्देशानुसार पशु चिकित्सा विभाग ने 5 रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित की हैं, जो प्रभावित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करेंगी, इसके साथ ही, स्वास्थ्य विभाग ने डोर-टू-डोर सर्वे के लिए 5 टीमों का गठन किया है, जो संक्रमित क्षेत्र में लोगों की जांच करेगी और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी।

### हेचरी को हटाने विस में ध्यानाकर्षण

शहर के बीच स्थित हेचरी को हटाने की मांग वैसे तो बीते कई वर्षो से की जाती रही है। आम जनता के साथ कई जनप्रतिनिधियों ने भी हेचरी को शहर क्षेत्र से हटाए जाने की मांग को लेकर शिकायते प्रशासन को दी थी। इस दौरान कई कलेक्टर बदल गए, लेकिन हेचरी वहीं की वहीं है। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में स्थित हेचरी को हटाने के लिए बैकुण्ठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे ने विधानसभा के दोनों सत्रों में ध्यानाकर्षण लाया गया। विधायक श्री राजवाड़े ने ध्यानाकर्षण प्रश्न में उल्लेख किया कि रहवासी क्षेत्र में हेचरी स्थित है एवं प्रेमाबाग मंदिर परिसर एवं कॉलोनी है, हेचरी के दुर्गंध से लोगों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है।

### इन्फेक्टेड जोन में पक्षियों का कलिंग सर्विलेंस और सेनेटाइजेशन



जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एचफाइपएनवन) के मामले की पुष्टि के बाद, शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बैकुंठपुर के एक किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और एक से 10 किमी की परिधि को सर्विलेंस जोन के रूप में तीन माह के लिए घोषित कर दिया गया है। संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं छग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार भारत सरकार के एवियन इन्फ्लूएंजा एक्शन प्लान के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन और जिला पशु चिकित्सा सेवाओं के समन्वय से जिला कलेक्टर इस मुद्दे पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं और इस दिशा में लगातार नजर रखे हुए हैं। इन्फेक्टेड जोन में पक्षियों का कलिंग, सर्विलेंस और सेनेटाइजेशन कार्य चल रहा है। साथ ही प्रभावित क्षेत्र के पशुपालकों और किसानों के पक्षियों, अंडों और पोल्ट्री आहार के विनिष्टिकरण के बाद उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि दी जाएगी। भारत सरकार ने एवियन इन्फ्लूएंजा के नियंत्रण के लिए पोल्ट्री पक्षियों को जबरन मारने, अंडों और पोल्ट्री फीड को नष्ट करने के लिए मुआवजे की दर तय की हुई है। इन दरों के अनुसार, पोल्ट्री पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों और उनकी आयु के आधार पर मुआवजे की राशि निर्धारित की गई है। उदाहरण स्वरूप, 8 सप्ताह तक के लेयर चूजों को 40 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 8 सप्ताह से अधिक उम्र के लेयर पक्षियों के लिए 140 रूपए मुआवजा निर्धारित किया गया है, वहीं 4 सप्ताह तक के बॉयलर को 35 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 4 सप्ताह से अधिक उम्र के बॉयलर के लिए 120 रूपए दिया जाएगा। 8 सप्ताह तक के बेकयार्ड पोल्ट्री बड्र्स को 35 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 8 सप्ताह से अधिक उम्र के बेकयार्ड पोल्ट्री बड्र्स के लिए 150 रूपए दर निर्धारित किया गया है, जबकि 8 सप्ताह तक के टर्की को 60 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 8 सप्ताह से अधिक उम्र के टर्की के लिए 350 रूपए दर के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा। इसी तरह 5 सप्ताह तक के बटेर को 20 रूपए का मुआवजा मिलेगा, जबकि 5 सप्ताह से अधिक उम्र के बटेर के लिए 40 रूपए दर निर्धारित किया गया है, इससे पोल्ट्री किसानों को एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रभावी नियंत्रण और उनके नुकसान की भरपाई करने में मदद करेगा और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगा।

# स्वच्छता दीदी ने कुएं में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 9 घुटरी दफाई में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली एक महिला ने अज्ञात कारणों से कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी।

घटना रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है, जब 30 वर्षीय महिला बुधनी अपने घर से कुछ दूर स्थित कुएं में कूद गई। आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही चरचा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



मृत महिला।

### टूटा दुख का पहाड़

बुधनी अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उसकी मौत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हो गई है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि बुधनी कठिन परिश्रम कर अपने घर का खर्च चलाती थी, लेकिन अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि उनके गुजर-बसर की कोई व्यवस्था हो सके। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## जुआ खेल रहे 7 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** कोतवाली प्रभारी मनेन्द्रगढ़ ने मुखबीर की सूचना पर मौहारपारा इलाके में छापामारा और जुआ खेल रहे 7 युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 84,000 रूपए नगद, ताश की पत्ती, चादर और तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। मौहारपारा इलाके में जुआ खेलने की जानकारी स्थानीय लोगों से मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी मनेन्द्रगढ़ ने टीम गठित कर मौके पर पहुंच कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन की अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण के प्रयासों का हिस्सा है। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### कलेक्टर जनदर्शन में 43 आवेदन मिले

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने मंगलवार को जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। जिसका जिला प्रशासन द्वारा तेजी से निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 1 अप्रैल को कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए।

## ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

# आदर्श गांव कटगोड़ी में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगोड़ी

जिले के सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत कटगोड़ी में जल संकट गहराता जा रहा है। संबंधित विभाग की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

टेंडर में 10 टैंकरों से जल आपूर्ति का प्रावधान किया गया था, लेकिन वर्तमान में केवल 2 टैंकरों से ही पानी सप्लाई किया जा रहा है, इससे पूरे गांव में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि जब टेंडर 10 टैंकरों के लिए हुआ था, तो केवल 2 टैंकर ही क्यों चलाए जा रहे हैं। यदि पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो सकती, तो इन 2 टैंकरों को भी बंद कर दिया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द पूरा 10 टैंकर चलवाया जाए, ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सके। यदि समय रहते जल संकट का समाधान नहीं हुआ, तो मजबूरन उग्र आंदोलन किया जाएगा।



बाइक से पानी ले जाता युवक।

### खदानों से जल संकट बढ़ा

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला खदानों के अधिक दोहन के कारण क्षेत्र में पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। पानी की कमी के बावजूद एसईसीएल खदान के भीतर मात्रा में पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है। यदि इस पानी को फिल्टर कर गांव में सप्लाई किया जाए, तो जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है,लेकिन प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की चुप्पी

स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन जल संकट की समस्या से वाकिफ होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही पानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो पूरे गांव के लोग सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान करता है या फिर ग्रामीणों को आंदोलन के रास्ते पर जाना पड़ेगा।




1-April- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/1/2025 7:47 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### राज्य कूडो के लिए जिला टीम चयनित, दिया गया टी शर्ट

**अम्बिकापुर।** सोमवार को फील अनन्दम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बाबूपारा में कूडो एसोसिएशन द्वारा आगामी 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक दुर्ग में आयोजित होने वाली तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य कूडो चैम्पियनशिप के लिए सरगुजा जिला कुडो टीम के चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की गई। इस दौरान फील आनन्दम के संचालक डॉ.एम.राव एवं व्यवसायी पप्पु साहू द्वारा चयनित खिलाड़ियों को टी शर्ट प्रदान किया गया। चयनित खिलाड़ियों में 16 वर्ष आयु वर्ग में साक्षी अग्रवाल, तान्या सिंह, आस्था सिन्हा, हर्ष मनु केरकेट्टा, कोकोडा नताशा राव, सुरभि मित्तल, युसूफ खान, आस्था कुशवाहा, अब्दुल आशिफ, विक्रांत कुमार साहू, अविनाश सिंह, अभिमन्यु स्वर्णकार शामिल है। कार्यक्रम की अध्क्षता सरगुजा जिला कुडो संघ के अध्यक्ष अनिल बजवाल एवं संचालन उपाध्यक्ष पप्पू साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रभाकर स्वैन ने किया।

### सीएसपी ने पुलिस अधिकारी व जवानों के साथ शहर में किया पैदल गश्त



**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ बनाए रखने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय मौजूदगी बनाए रखते हुए लगातार पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए है। जिसके परिपालन में पुलिस के अधिकारी व जवानों को नगर में पैदल पेट्रोलिंग करते देखा गया। रविवार को नगर पुलिस अधीक्षक एसएस पैंकरा के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारी व जवानों ने मनेन्द्रगढ़ रोड़, नवापारा व भैयाथान रोड़ में पैदल पेट्रोलिंग किया। इस दौरान बैंक, एटीएम के सुरक्षा का जायजा लिया गया और व्यापारिक प्रतिष्ठान के संचालकों को हिदायत दी गई कि उनके यहां कार्यरत कर्मियों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराए, प्रतिष्ठान/संस्थान सहित उसके बाहर सीसीटीव्ही कैमरा लगवाये और नगर के यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दुकानों के सामने सड़क पर वाहनों को खड़ा न होने दे, बेतरतीब वाहन खड़ा करने से आवागमन बाधित होता है साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पुलिस द्वारा पैदल पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी गई। इस दौरान थाना प्रभारी विमलेश दुबे सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### एसईसीएल स्टॉफ ऑफिसर सिविल का प्राइवेट ठेकेदारों ने किया सम्मान, दी विदाई



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से पदस्थ रहे स्टॉफ ऑफिसर सिविल एस थंगराज के 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो जाने के अवसर पर प्राइवेट ठेकेदारों ने उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में ठेकेदार विजय मिश्रा,सज्जन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार,बबलू मिश्रा, पीयूष तिवारी, विक्रांत सिंह टुनटुन, मनोज शर्मा, सुनील कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, ओवर सीयर जगरनाथ नंदी, मिथलेश सिन्हा, डीके सिंह, राजकिशोर सिंह, अवतार सिंह मान, तपन विश्वास, मित्तल पांडेय आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण के घर के सामने से चोरी हुई बाइक दस दिन बाद तालाब के भीतर मिली

**बिश्रामपुर।** घर के सामने से दस दिन पूर्व चोरी हुई बाइक आज सोमवार को तालाब में मछली पकड़ने के दौरान बरामद की गई है। गौरतलब है



कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी मटुकधारी राजवाड़े की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीजे 8573 को करीब दस दिन पूर्व घर के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दिया गया था।सोमवार को ग्राम गणेशपुर यादवपारा स्थित मुक्ति धाम तालाब में मछली पकड़ने गए ग्रामीणों की जाल में बाइक फंस गई, जिसे निकालकर पतासाजी करने पर मालूम हुआ कि उक्त बाइक ग्राम गोपालपुर निवासी मटुकधारी राजवाड़े की है। बाइक की शिनाख्त होने पर बाइक को वाहन स्वामी के सुपुर्द कर दिया गया है।

## विभिन्न संगठनों ने किया एसपी कार्यालय का घेराव

# ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

थार सवार ट्रांसपोर्टर संचालक से की गई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ने लगा। टांसपोर्टर के साथ कार सवार द्वारा न सिर्फ मारपीट किया गया बल्कि जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला किया गया। गत दिन क्षत्रिय समाज सहित हिन्दू के विभिन्न संगठनों के लोगों ने एएसपी से मुलाकात कर आरोपियों के विरूद्ध हत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज किए जाने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया। हालांकि पुलिस ने आरोपियों की रिपोर्ट पर टांसपोर्टर के विरूद्ध भी अपराध दर्ज किया है। आज पुनः विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सहित सदस्यों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी कार्यालय का घेराव किया तथा आरोपियों के विरुद्ध मॉब लिंचिंग का मामला दर्ज किए जाने की मांग की।

**खास बातें**

- कार सवार ने थार सवार टांसपोर्टर संचालक पर किया था जानलेवा हमला
- रिपोर्ट के बाद भी नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

शनिवार की रात शहर के रिंग रोड शिवधारी कॉलोनी के समीप थार और कार के बीच उस समय टक्कर हो गई जब कार सवार दूसरी ओर आने तेज रफ्तार कार मोड दिया था। थार से टक्कर होने पर कार सवार युवकों ने थार सवार सूरजपुर निवासी टांसपोर्टर संजय सिंह के साथ न सिर्फ मारपीट किया बल्कि उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हैरानी की बात तो यह है कि सरेआम सड़क पर टांसपोर्टर की बेदम पिटाई की जा रही थी लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हुई की बीच बचाव कर सके। इधर मारपीट की घटना का स्थानीय लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया मे वायरल कर दिया। इस मामले में घायल संजय सिंह ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वसीम कुरैसी व मोनू कुरैसी के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया। हालांकि पुलिस ने आरोपियों के रिपोर्ट पर भी थार सवार के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। इधर सोशल मीडिया में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर लोग काफी आक्रोश हो गए। जिस तरह से थार सवार के साथ बेरहमी से जानलेवा हमला किया गया इसके विरोध में रविवार को क्षत्रिय समाज, विश्व हिन्दू परिषद, हिंदू जागरण मंच, श्रीराम सेना सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओ ने एएसी से मुलाकात कर आरोपियों के विरूद्ध हत्या के प्रयास करने की धारा व गिरफ्तारी की मांग की। मांग पर आरोपियों के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। शाम को पुनः सभी संगठन के कार्यकर्ता घटना स्थल से कुछ दूर प्रतापपुर चौक के समीप एकत्र हो गए और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी किए जाने की मांग की।

इस सम्बन्ध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया गया है और जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



एएसपी से चर्चा करते हिन्दू सभा के सदस्य।

**हिन्दू समाज के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन**

ट्रांसपोर्टर पर हुई जानलेवा हमला के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आज पुनः हिन्दू समाज के विभिन्न संगठन के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। साथ ही आरोपियों के विरूद्ध मॉब लिंचिंग का मामला दर्ज करने की मांग की। संगठन के लोगों का कहना है कि जिस तरह से थार वाहन से मामूली डेस लगने पर कार सवार द्वारा टांसपोर्टर के साथ मारपीट की गई वह निंदनीय है जिसका विरोध करते है। ऐसे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में किसी के साथ ही घटना की पुर्नावृति हो सकती है। आज एसपी कार्यालय घेराव के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। इधर एसपी योगेश पटेल ने शहर के लोगों से शांति बनाए रखने की बात कही साथ ही आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिए जाने का आश्वासन दिया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद ईदगाह, मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समाज द्वारा ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह समेत मस्जिदों में ईद की 2 रक्त नमाज अता की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही कब्रिस्तान में फातिहा पढ़कर अपने पूर्वजों के लिए दुआ मांगी। ईद के अवसर पर ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेकर एकता और सद्भाव का संदेश दिया।

बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा रमजान के पवित्र माह में एक महीने तक कठिन रोजा रखकर इबादत की गई। रमजान के दौरान मुस्लिम समाज के लोग रोजा, तरावीह की नमाज के साथ ही इबादत में लीन रहे। रमजान के मौके पर इफ्तार पार्टी का भी आयोजन समाज के लोगों द्वारा किया गया। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा ईद को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी इस दौरान बाजार गुलजार रहे। एक महीने के कठिन रोजे के बाद रविवार की शाम ईद का चांद नजर आया। ईद का चांद नजर आते ही समाज के लोगों में खुशी की लहर फैल गई। ईद कज नमाज से पहले चांद रात को शहर सहित जिलेभर के बाजार गुलजार रहे और समाज के लोगों ने जमकर नए कपड़ों और अन्य सामग्रियों की खरीददारी की। वहीं सोमवार को जिलेभर में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस के मौके पर सुबह से ही समाज के लोग ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। नए नए कपड़े पहनकर लोग नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह और मस्जिद पहुंचे। संभाग मुख्यालय के ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद की नमाज पढ़ाई गई। ईदगाह में जमा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अबरार अहमद मिस्बाही ने ईद की दो रकत नमाज पढ़ाई। जबकि रसूलपुर स्थित नाजमिया मस्जिद रसूलपुर में भी सुबह 9 बजे नमाज पढ़ाई गई। नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने नमाज पढ़ाई जबकि सदर रोड स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9. 30 बजे हाफिज असिमुद्दीन ने नमाज पढ़ाई जबकि तकिया स्थित मस्जिद में सुबह 8.30 बजे मौलाना मुख्तार ने नमाज पढ़ाई।

# कृषि विज्ञान केंद्र में मसाला एवं सुगंधित पौधों के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**अंबिकापुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट सीतापुर में मसाला एवं सुगंध पौधों का उत्पादन प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस एस टुटेजा एवं कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट के मार्गदर्शन एवं संस्था प्रमुख डॉ. संदीप शर्मा के निर्देशन में क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।



कार्यक्रम में निदेशक विस्तार आईजीकेवी रायपुर द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए सुगंधित फसलों के उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार जानकारी दी गई। डॉ. पीके जोशी विभागाध्यक्ष अनुवांशिक एवं पादप प्रजनन विभाग आईजीकेवी रायपुर ने भी ऑनलाइन के माध्यम से किसानों को उत्पादन तकनीक एवं योजना के बारे में विस्तार से बताया व किसानों से चर्चा कर उनकी सवालों का जवाब दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं संस्था प्रमुख डॉ. संदीप शर्मा ने मसालों एवं सुगंधित फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन के साथ साथ उनके उत्पादन तकनीक के बारे में प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी प्रदीप लकड़ा ने धनिये की उत्पादन तकनीक एवं उसके लिए खेत का चयन के बारे में जानकारी दी। संस्था के वैज्ञानिक सीपी रहांगडाले ने हल्दी लगाने की विधि एवं उत्पाद को बाजार में अधिक मूल्य में बिक्री के बारे में जानकारी प्रदान की। वैज्ञानिक डॉ. शमशेर आलम ने धनिया एवं हल्दी में होने वाले रोग एवं कीटों की पहचान के बारे में जानकारी दी।

वैज्ञानिक डॉ. सुरजचंद पंकज ने प्रशिक्षण के दौरान किसानों को हल्दी एवं धनिया उत्पादन क्षेत्र का भ्रमण कराया। इस दौरान संस्था के कर्मचारी नितिन शाक्य एवं संतोष साहू समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत चांची में 902 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं चाबी देकर कराया गृह प्रवेश



**राजपुर।** ग्राम पंचायत चांची में प्रधानमंत्री आवास योजना के सामूहिक गृह प्रवेश हेतु आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल एवं विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें लाभान्वित 902 हितग्राहियों को नवीन आवास का प्रमाण पत्र एवं चाभी प्रदान कर गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार है और गांव, गरीब परिवारों की चिंता कर रही है। लम्बे समय से रुके हुए प्रधानमंत्री आवास का कार्य तेजी से पूर्ण हो रहा है। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन से छत्तीसगढ़ का तेजी के विकास हो रहा है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनार सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती सुमन गुप्ता, जगरानी खलखो, मुकेश गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ अनिल तिवारी, पीओ कृष्णा गुप्ता, निलेश गुप्ता, विक्की गुप्ता,रोजगार सहायक, सरपंच सहित बड़ी संख्या में आवास के हितग्राही उपस्थित रहे।

## सीतापुर में 12 वें दिन जारी रही सचिव संघ की हड़ताल

**अंबिकापुर।** मोदी की गारंटी के तहत किए गये वादों को पूर्ण करने की मांग को लेकर सीतापुर में सचिव संघ की हडताल 12वें दिन भी जारी रही। इस हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में काम काज ठप हो गया है। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरजन राम ने बताया कि सन 1995 से कार्यरत सचिवों को मोदी की गारंटी के तहत भाजपा सरकार ने शासकीयकरण करने का वादा किया है।लेकिन डेढ़ साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी सरकार अपने वादे पर अमल करती नजर नही आ रही है। शासकीयकरण के अभाव में हम सारे सचिव अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह शासन के लाभ से वंचित हो जाते है जिसकी वजह से सचिवों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लंबे समय से शासकीयकरण के इंतजार में कई सचिव तो अब सेवानिवृत्त की कगार पर जा पहुंच चुके है। इस बार सचिव संघ आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है। जब तक हमारी मांग पूरी नही हम आंदोलन जारी रखेंगे। विगत 12 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सचिवों के कारण पंचायत के सारे काम ठप्प हो गए हैं।

# गणपति धाम में आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अम्बिकापुर।** महामाया सेवा भारती द्वारा हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र पर महामाया पहाड़ स्थित गणपतिधाम में तेज ब्लड बैंक, माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल और तेज डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक नरेंद्र सिंह टुटेजा के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदान, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, बीएमडी टेस्ट की निःशुल्क जांच की गई तथा चिकित्सकों ने परामर्श देकर आवश्यक दवाइयां वितरित की।



महामाया सेवा भारती के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, भगवान दास अग्रवाल, गोल्डी बिहाड़े, शैलेष सिंह, जितेंद्र सोनी, राजेश सिंह, इंदर भगत, अनीश सिंह, अंशुल श्रीवास्तव, शरद सिन्हा, नितिन आदि उपस्थित थे।

## लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए है संकल्पित

**सलका/अघिना।** भैयाथान के ग्राम राई जूनापारा मोहल्ले में कम उंचाई में लगे पोल खम्भों को बदला गया। ज्ञात हो कि 15 घरों में छोटे पोलो के साथ तार के बीच-बीच में बल्ले के सहारे बिजली पहुंच रही थी जिससे हर समय खतरा और ग्रामीण भयभीत थे। क्षेत्र के लोगों ने विद्युत पोल के छोटे और बांस बल्ली के सहारे लटके विद्युत तार से खतरा होने की जानकारी नवनिर्वाचित पंचायत के जनप्रतिनिधि, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष एवं एसएमडीसी अध्यक्ष अनूप जायसवाल को दी। जिस पर अनूप जायसवाल ने मौके का निरीक्षण कर तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। बिजली विभाग द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए 6 घंटे के भीतर पोल, कवरिंग तार, ट्रांसफार्मर लगाने का काम पूरा किया। पोल सहित अव्यवस्थित विद्युत तार के व्यवस्थित हो जाने पर क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। भाजयुमो उपाध्यक्ष एसएमडीसी अनूप जायसवाल ने कहा कि हमेशा की तरह आगे भी गांव में जो भी समस्या होगी समाधान के लिए हम पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव स्तर के समस्याओं की एक सूची बनाई जाएगी।उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है। और इसके लिए लगातार प्रयास जारी रहेगा।

# एसईसीएल के नवपदस्थ सीएमडी ने सीआईसी फील्ड बिश्रामपुर, भटगांव व बैकुंठपुर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के नवपदस्थ अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने रविवार 30 मार्च को दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के मध्य भारत कोलफील्ड्स के तहत संचालन क्षेत्रों का दौरा किया। सीएमडी पदस्थ होने के बाद वे यहां पहले दौरे पर आकर सीआईसी फील्ड से रूबरू होते हुए अधिकारियों का उत्साह वर्धन किया।उनके यात्रा का उद्देश्य वित्त वर्ष 25-26 के लिए रणनीतिक योजना, खनन कार्यों की समीक्षा, उत्पादन और उत्पादकता का आकलन और विभिन्न खानों में सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करना बताया गया है।श्री दुहन ने एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में अपना दौरा शुरू किया, जहां उन्होंने चल रही खनन गतिविधियों और खानों के समग्र प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। जगन्नाथपुर ओसीएम में, उन्होंने विशेष रूप से जगह में सुरक्षा उपायों की समीक्षा की और टीम को एसईसीएल की मॉडल खान के रूप में खान को विकसित करते हुए उत्पादकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

- जगन्नाथपुर, आमगांव और चरचा भूमिगत खदानों का किया निरिक्षण

सुरक्षा जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने विभागीय और ठेकेदार दोनों श्रमिकों को सुरक्षा निर्देशों को प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए दृश्य और चित्रकारी सहायता के उपयोग करने की बात कही।इसके बाद सीएमडी श्री दुहन बिश्रामपुर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने आमगांव खुली खदान का निरीक्षण किया। उनके मूल्यांकन में पुराने और नए पैच वर्किंग्स, साथ ही साथ संम्प क्षेत्र दोनों की गहन जांच शामिल थी। उन्होंने भूमि और पुनर्वास (एल एंड आर) मामलों पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए और कड़े सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए उत्पादन को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। बाद में उन्होंने बिश्रामपुर क्षेत्र के विभागों के प्रमुखों (एचओडी) और स्टाफ अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई, जिसमें पिछले वर्षों की तुलना में भारी नुकसान से महत्वपूर्ण बदलाव और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए संतोष जताया। यहां के बाद सीएमडी बैकुंठपुर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने चरचा भूमिगत खान का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भूमिगत खान क्षेत्र का दौरा किया और विस्फोट मुक्त, पर्यावरण के अनुकूल बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रौद्योगिकी, निरंतर माइनर का उपयोग करके कोयला उत्पादन संचालन का आकलन किया। उन्होंने खान की कैंटीन का भी दौरा किया, जहां उन्होंने श्रमिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया,तत्पश्चात क्षेत्र के एचओडी के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्पादन और उत्पादकता पहलुओं की समीक्षा की गई।



## बतौली के 42 पंचायतों में सामूहिक गृह प्रवेश

**बतौली/सेदम।** चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत नवनिर्मित आवास में जनपद स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बांसाझाल, मानपुर, सुवारपारा में किया गया है। साथ ही जनपद पंचायत बतौली के समस्त 42 ग्राम पंचायतों में सामूहिक गृह प्रवेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें लक्ष्मी नारायण सिदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी बतौली, जनपद सदस्य, विकासखण्ड समन्वयक, करारोपण अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहें। आवास हितग्राहियों को गृह प्रवेष के उपलक्ष्य में श्रीफल, साल, घड़ी, चाभी देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।





## चैत्र नवरात्र पर श्रीराम सेना द्वारा निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रीराम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आकर्षक झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा गांधी चौक दुर्गा मंदिर से शुरू होकर मां महामाया मंदिर में समाप्त होगी। शोभा यात्रा को लेकर श्री राम सेना द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। शहर को भगवा रंग से रंग दिया गया है। इसके साथ साज सज्जा का दौर जारी है।

बता दें चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा प्रतिवर्ष विशालशोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। शोभायात्रा को लेकर समाज के लोगों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शोभायात्रा को भव्य बनाने को लेकर चर्चा की गई और समाज के लोगों से सुझाव लिए गए। आयोजनकर्ता सूर्य प्रकाश साहू ने बताया कि शोभायात्रा 4 अप्रैल को निकले जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 2 बजे गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू होगी जो घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक होते हुए मां महामाया मंदिर में समाप्त होगी।



# चिरंजीवी ने शुरू की 'मेगा 157' की शूटिंग

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका संभावित नाम 'मेगा 157' है। अभिनेता ने इस फिल्म के लिए निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ मिलकर काम किया है। चिरंजीवी ने उगादी के अवसर पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो नई शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म को अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती ने लॉन्च किया, जिन्होंने पहले फिल्म के क्लैपबोर्ड के साथ पोज दिया और फिर मेगास्टार के साथ गले मिले। चिरंजीवी ने 'मेगा 157' के पूजा समारोह से कई तस्वीरें साझा कीं।

लाइफ Style



# अदिति

## 'गजगामिनी चाल' पर नहीं मिला काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने बीते साल नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में अपनी गजगामिनी चाल वाले डांस से सबका दिल जीत लिया था। अदिति राव की तारीफ उन लोगों ने भी की थी जिन्हें सीरीज पसंद नहीं आई थी।

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की ये सीरीज काफी सुर्खियों में रही थी। अदिति राव हैदरी को भी सीरीज में निभाए किरदार 'बेबो जान' के लिए खूब तारीफें मिली थीं। लेकिन तारीफों के बाद भी अदिति राव को काम नहीं मिल रहा है। इसका दुखड़ा खुद अदिति राव हैदरी ने बताया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में हैदराबाद के शाही परिवार की लाडली अदिति राव ने बताया कि तारीफों के बाद भी काम का इंतजार है।


अदिति राव ने हाल ही में फराह खान के ब्लॉग्स में बताया कि भले ही उन्हें हीरामंडी के लिए खूब सराहा गया था लेकिन इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ है। क्योंकि किसी ने भी अदिति राव को काम ऑफर नहीं किया है। अदिति बताती हैं, 'हीरामंडी जब रिलीज हुई तो लोगों ने इसकी खूब तारीफ की। लगातार कई दिनों तक लोगों से मैं तारीफें सुनती रहीं। मेरे किरदार को लेकर भी लोग खूब सराहना करते रहे। इसके बाद भी मुझे सीरीज के बाद काम नहीं मिला। सीरीज के बाद से काम का इंतजार रहा। ये काफी बुरा अहसास कराने वाली बात साबित हुई।' अदिति ने इस सीरीज में एक क्रांतिकारी तवायफ का रोल निभाया था।

हॉलीवुड मसाला



# डेबोरा ने पहले रखी नई शर्तें...

**लॉस एंजिलिस।** 27 साल शादी में रहने के बाद साल 2023 में ह्यू जैकमैन और डेबोरा-ली फर्नेस ने तलाक का ऐलान किया था। दोनों के अलग होने की खबरों ने फैंस से लेकर इंडस्ट्री के लोगों को भी हैरान कर दिया था। मगर इस मामले में हैरानी की बात है कि अभी तक दोनों कानूनी तौर पर अलग नहीं हो पाए हैं। जनवरी में, कपल न्यूयॉर्क में तलाक के लिए आवेदन करने से कुछ ही हफ्ते दूर थे मगर इस कहानी में एक नया टर्न आ गया है। अभिनेता की पत्नी का अब मानना है कि इस तलाक से वो अधिक पैसे की 'हकदार' है जितना कि जैकमैन उन्हें देने वाले थे।



# फिर लौटेंगे अवेंजर्स, शुरू हुई 'डूम्सडे' की शूटिंग...

**मुंबई।** मार्वल फिल्मों के दीवानों के लिए बहुत बड़ा खुशखबरी सामने आई है। 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद इसका अगला भाग 'एवेंजर्स डूम्सडे' आने वाला है, इसकी घोषणा मार्वल स्टूडियो द्वारा की गई। निर्माता ने स्टारकास्टों के नाम का भी खुलासा किया है। मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरु हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे। एंथनी और जो रूसो द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सुपर विलेन डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे।



# देश को बड़े खतरे से बचाने निकले...


**मुंबई।** साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने सोमवार को ईद के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का आज फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है।



# साझा की 'थामा' के सेट से तस्वीर...

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म दिनेश विजन और अमर कौशिक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के कलाकार अक्सर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। अब अभिनेता आयुष्मान खुराना ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। आयुष्मान खुराना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'थामा' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। ये तस्वीर शूटिंग के वक्त की है। आयुष्मान की तस्वीर में शूटिंग के उपकरण नजर आ रहे हैं, साथ ही सेट पर कई लोग भी दिखाई पड़ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आयुष्मान ने हैशटैग थामा के साथ लिखा है 'ग्रेवयार्ड शिफ्ट'।

टीवी मसाला



# क्या काजल पिसल निभाएंगी दया बेन की भूमिका?

**मुंबई।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो का हर किरदार बेहद खास है और दर्शकों से सीधे तौर पर जुड़ा है। मगर, जेठालाल और दयाबेन की बात ही अलग है। दयाबेन का किरदार अभिनेत्री दिशा वकानी ने बड़ी ही खूबसूरती से अदा किया। साल 2017 में वे मैटरनिटी लीव पर चल गईं। तब से फैंस शो में उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अब दिशा वापस नहीं आएंगी। शो के निर्माता असित मोदी भी इसकी पुष्टि कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि मेकर्स को दिशा का रिप्लेसमेंट भी मिल गया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि अभिनेत्री काजल पिसल अब 'तारक मेहता' शो में दयाबेन की भूमिका करती दिखेंगी। इस तरह के कयासों पर खुद काजल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे दावों को फेक न्यूज बताया है। काजल ने स्पष्ट किया है कि वे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन की भूमिका नहीं अदा कर रही हैं। हालांकि, काजल ने यह भी कहा कि उन्होंने शो के लिए ऑडिशन दिया था।

## 'सुंदरता के चक्कर में गंवाए कई प्रोजेक्ट्स'



**मुंबई।** करण वाही टेलीविजन के एक मशहूर अभिनेता हैं। वो कई धारावाहिक में नजर आ चुके हैं। हाल ही में करण वाही ने एक खुलासा करते हुए कहा कि ज्यादा सुंदर होने का भी कई बार नुकसान उठाना पड़ जाता है। अभिनेता ने कहा कि सुंदरता के चक्कर में बहुत प्रॉब्लम होती है। आखिर ऐसा क्या हुआ जो एक अभिनेता को इस तरह की बात कहनी पड़ी। करण वाही हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह के पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपने करियर और आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर बात की। इस दौरान करण ने अपने साथ हुए एक वाकये को भी बताया, जिसमें उन्हें सुंदर होने के चक्कर में नुकसान हो गया। अभिनेता ने कहा, "मुझे मुख्य अभिनेता की तुलना में ज्यादा सुंदर होने के कारण कई प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा है। हालांकि, ये बात मुझे कभी सामने से नहीं बताई गई, बल्कि मुझे दूसरों से इसके बारे में पता चला। मुझे इसके पीछे की सोच कभी समझ में नहीं आती। अगर मैं किसी शो में लीड एक्टर हूं, तो भी मैं उसमें वैल्यू ऐड करूंगा न।

# फैंस के बीच फंसे कार्तिक वायरल हो रहा वीडियो...

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भीड़ से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानिए आखिर क्या हुआ ऐसा कि अभिनेता को फैंस ने घेरा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कार्तिक आर्यन सड़क पर फैंस के बीच घिरे नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में अभिनेता अपने प्रशंसकों से तस्वीरें खिंचाते दिख रहे हैं और ऑटोग्राफ भी देते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो गंगटोक का बताया जा रहा है। वहां मौजूद अभिनेता की गाड़ी को सुरक्षाकर्मियों ने घेर रखा है। कुछ देर फैंस से मिलने के बाद वह अपनी गाड़ी में चले जाते हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी हाल ही में उन्होंने सिलीगुड़ी में शूटिंग समाप्त की है, जिसकी एक तस्वीर दोनों ने अपने इंस्टग्राम पर शेयर की थी, जिसे फैंस द्वारा खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म को लेकर चर्चा काफी तेज है। इससे पहले शूटिंग सेट से दोनों की बाइक पर सैर करते तस्वीरें भी वायरल हो चुकी हैं।



# 'सिकंदर' की ईद पर 26 करोड़ की फीकी कमाई




*मुंबई। निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज के पहले दिन इसे मिले स्क्रीन्स और शोज की संख्या आप जानेंगे तो हैरान रह जाएंगे। करीब 5500 स्क्रीन्स पर एक साथ रिलीज हुई फिल्म के रविवार को करीब 22 हजार शोज की तैयारी इसके मेकर्स ने की। लेकिन, इतने तामझाम के साथ रिलीज हुई फिल्म 'सिकंदर' का मुकद्दर अच्छा नहीं दिख रहा। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन रात 10 बजे तक सिर्फ 26 करोड़ रुपए की कमाई की। दो सौ करोड़ रुपए में बनी किसी फिल्म के लिए ये ओपनिंग अच्छी शुरुआत नहीं है। सलमान खान की आखिरी फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। यशराज फिल्म्स की इस पिक्चर 'टाइगर 3' ने भी रिलीज के पहले दिन अपने बजट का 20 फीसदी कलेक्शन नहीं किया था, लेकिन इसका पहले दिन का कलेक्शन 44.50 करोड़ रुपये था और इसे सम्मानजनक माना जा सकता है।*

# ओटीटी पर उपलब्ध हैं ये बॉलीवुड-हॉलीवुड की धांसू फिल्में, घूम जाएगा दिमाग...

*मुंबई। अप्रैल के पहले सप्ताह पर घरवालों के साथ ओटीटी पर देखिए ये बेहतरीन फिल्में। इस लिस्ट में देवा से लेकर मुफासा तक शामिल हैं। जानिए किस प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे ये शानदार बॉलीवुड-हॉलीवुड फिल्में। तो देर किस बात की इन फिल्मों का वीकेंड पर जमकर मजा लीजिए...*



**देवा** : शाहिद कपूर की फिल्म देवा इस लिस्ट में पहले नंबर पर है। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2013 की मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है। सिनेमाघरों में यह फिल्म फ्लॉप रही थी, लेकिन अब इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है।

**विदुथलाई पार्ट 2** : विजय सेतुपति अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी है। विदुथलाई पार्ट 2 में क्रांतिकारी पेरुमल वाथियार की कहानी दिखाई गई है। इस फिल्म को वेत्रिमारन ने डायरेक्ट किया है। पहला पार्ट पहले ही ओटीटी पर आ चुका है और अब इसका दूसरा पार्ट जी5 पर उपलब्ध है।





**द लाइफ लिस्ट** : द लाइफ लिस्ट एक हॉलीवुड फिल्म है, जिसमें एक युवा लड़की की कहानी है। उसकी जिंदगी अपनी मां एलिजाबेथ की मौत के बाद बदल जाती है। यह 28 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

**डेन ऑफ थीव्स 2** : डेन ऑफ थीव्स 2 एक हॉलीवुड फिल्म है। इसमें धमाकेदार एक्शन देखने को मिलेगा। यह फिल्म भी 28 मार्च को रिलीज हो चुकी है। इसे लायन्सगेट प्ले पर देखा जा सकता है। इस फिल्म में बिग निक ओ ब्रायन का किरदार फिर से नजर आएगा।



**मुफासा - द लॉयन किंग** : एनिमेटेड फिल्म मुफासा - द लॉयन किंग ने सिनेमाघरों में धूम मचाई थी। अब यह ओटीटी पर उपलब्ध है। डिज्नी ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी ओटीटी रिलीज की घोषणा की थी। यह फिल्म 26 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है। यह 2019 की फिल्म द लॉयन किंग का प्रीक्वल है।



# कपिल ने फैंस को दिखाई अपनी नई फिल्म की झलक...



**मुंबई।** कॉमेडी के किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। कपिल शर्मा ने अपनी नई फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट दी है। आज ईद के मौके पर कपिल ने अपनी नई फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। ईद के मौके पर कपिल शर्मा ने अपने फैंस को ईदी दी है। कपिल ने अपनी पहली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' के दूसरे भाग 'किस किसको प्यार करूं 2' का पहला पोस्टर आज जारी कर दिया है। इस पोस्टर में कपिल दूल्हे के रूप में नजर आ रहे हैं और उनके साथ दुल्हन के जोड़े में एक लड़की भी खड़ी है। हालांकि, दुल्हन लंबा घूंघट किए हुए है, इसलिए चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कपिल ने कैप्शन में सिर्फ ईद मुबारक लिखा है। साथ में कुछ इमोजी मेंशन किए हैं।

1-April- KORIYA Bhoomi pg-4_Layout 1 4/1/2025 8:34 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रामनवमीं पूजा महोत्सव का होगा आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे इंस्टिट्यूट मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी में इस वर्ष श्री-श्री रामनवमी पूजा महोत्सव का आयोजन 81 वें वर्ष में मनेन्द्रगढ़ स्थित रेलवे इंस्टिट्यूट में धूमधाम से किया जाएगा। पूजा महोत्सव का आयोजन 6 से 8 अप्रैल तक होगा। इस पवित्र अवसर पर क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की तिथियां रविवार 6 अप्रैल को पूजा का आरंभ प्रातः 10 बजे मूर्ति स्थापना से होगा। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा अभिषेक भी संपन्न किया जाएगा। सोमवार 7 अप्रैल को श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ पूजा-अर्चना प्रातः 8 बजे से होगी। इसके बाद सायं 7 बजे सीताराम कल्याणम विवाह उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार 8 अप्रैल को नित्य पूजा प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी, इसके बाद (राज्याभिषेक) एवं प्रसाद वितरण होगा। इसी दिन सभी प्रतिमाओं का विसर्जन संध्या 5 बजे किया जाएगा। रेलवे इंस्टिट्यूट मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी के आंध्र समाज, मनेन्द्रगढ़ ने सभी श्रद्धालुओं से अपील किया है कि वे इस शुभ अवसर पर परिवार सहित पूजा महोत्सव में सम्मिलित होकर भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से लाभान्वित हों।

### भाईचारे के साथ मनी ईद




**मनेन्द्रगढ़।** शहर के मानक शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ प्रेम एवं भाईचारे का त्योहार ईद उल फितर मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्री प्राइमरी कक्षाओं के नौनिहालों द्वारा विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं सुश्री आरजू खान एवं कायनात अंसारी द्वारा बच्चों को रमजान के पवित्र माह के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि रमजान इस्लाम धर्म में एक पवित्र महीना माना जाता है, इसमें रोजे रखे जाते हैं और अल्लाह की इबादत की जाती है। एक महीने तक संयम, आत्म संयम और परोपकार की भावना को अपनाने के बाद ईद उल फितर का त्योहार खुशियों का संदेश लेकर आता है। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने बच्चों एवं अभिभावकों को इस विशेष अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

### चैत्र नवरात्रि में हवन और भंडारे का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामनवमी के दिन माता दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन 7 अप्रैल सोमवार को प्रातः 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें श्रद्धालु पूजा-अर्चना और हवन में भाग ले सकेंगे। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे और अपनी सेवा प्रदान करेंगे। पूजा कार्यक्रम की शुरूआत 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे महाआरती से होगी, इसके बाद 10 बजे हवन पूजा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण होगा। इसके पश्चात भंडारा आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के राजेश मंगतानी ने बताया कि इस विशेष अवसर पर शाम 4 बजे ज्वारा विसर्जन का कार्यक्रम सरोवर मार्ग स्थित तालाब में होगा। जिन श्रद्धालुओं ने कलश रखवाए हैं, उनसे अपील है कि वे इस विशेष अवसर पर अवश्य आएं। यह आयोजन माता दुर्गा मंदिर वार्ड नंबर 20, काली मंदिर रोड, बस स्टैंड के पास मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वे इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर माता रानी के आशीर्वाद का लाभ उठाएं।

## पात्र हितग्राहियों का शीघ्र बनाएं आयुष्मान कार्ड

# राजस्व प्रकरण और पेयजल समस्याओं का करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी मंगलवार को समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस बैठक में स्वास्थ्य, खाद्य, शिक्षा और जल व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों का आयुष्मान कार्ड समय-सीमा में बनवाया जाए, ताकि उन्हें चिकित्सा सुविधाएं समय पर मिल सकें। इसके साथ ही 70 वर्ष और उससे ऊपर के सभी नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त पानी और निर्बाध बिजली व्यवस्था बनी रहे। फूड विभाग से संबंधित कार्यो की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में राशन वितरण को नियमित और समय पर सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को पोषण आहार की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। गर्मी को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने विशेष निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों जैसे बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन का त्वरित समाधान किया जाए। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि विद्यार्थियों के जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाए जाएं साथ ही अपूर्ण दस्तावेज प्राप्त होने पर आवेदक को सूचना देने तथा समाधान करने के निर्देश दिए।



बैठक लेती कलेक्टर।

**प्रत्येक जीवों के लिए हवा, पानी महत्वपूर्ण**

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जल संरक्षण के तहत आवा पानी झोंकी अभियान को जनभागीदारी के साथ चलाने की बात की। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि वे पानी बचाने के प्रयासों में योगदान करें और बेवजह पानी न बहाएं। विदित हो कि नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत जिले के ग्राम पंचायत पोटेडांड़ एवं डोहड़ा में विगत दिनों आवा पानी झोंकी यानी आओ मिलकर पानी रोके। इस अभियान के तहत बरसाती पानी को रोकने के लिए ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर कलेक्टर, सीईओ व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पानी रोकने के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। कलेक्टर ने कहा कि जिस तरह प्रत्येक जीव के लिए हवा महत्व है, उसी तरह पानी की भी जरूरत है, इसलिए पानी को रोकना होगा, बचाना होगा, भूजल स्तर को बढ़ाना होगा।

**अधिकारी करें गांव का दौरा**

कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों से कहा है कि नियमित रूप से गांवों का दौरा करें, बुनियादी सुविधाओं को पूर्ण कराएं साथ ही किसी भी तरह की समस्या हो उसे शीघ्र समाधान कराएं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति तक मिले इस दिशा में काम करें।

## नवीन कन्या कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग की एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती सविता पैकरा के मार्गदर्शन में अंबिकापुर में शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण में सहायक प्राध्यापक विनय कुमार गुप्ता वनस्पतिशास्त्र विभाग, अनिल देव प्राणीशास्त्र विभाग एवं लैब टेक्नीशियन विपिन सिंह के संरक्षण में छात्राओं को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक केन्द्रों का दौरा कराया गया। भ्रमण के तहत छात्राओं को सर्वप्रथम राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय अंबिकापुर में मधुमक्खी पालन की जानकारी दी गई। वहां के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.पीके भगत ने छात्राओं को मधुमक्खी पालन की विधि, शहद के लाभ एवं इससे जुड़े रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद छात्राएं दरिमा मछली पालन केन्द्र एवं श्याम परियोजना, घुनघुट्टा पहुंची, जहां विभिन्न प्रकार की मछली प्रजातियों के संरक्षण, पालन-पोषण और उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए मछली पालन से मिलने वाले रोजगार के पहलुओं पर भी चर्चा हुई। भ्रमण के अंतिम चरण में छात्राओं ने छिंदकालो ग्राम स्थित शासकीय रेशम कीट पालन केन्द्र का दौरा किया। वहां के संरक्षक श्रीराम प्यारे ने छात्राओं को रेशम कीट पालन की प्रक्रिया, उनके पोषण, जीवन चक्र, कोकून निर्माण तथा वस्त्र उद्योग में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। छात्राओं ने जाना कि तसर कीट का कोकून 30 दिनों में तैयार होता है, जबकि सामान्य रेशम कीट का कोकून केवल 3 दिनों में तैयार हो जाता है। इन कोकून से धागे प्राप्त कर वस्त्र निर्माण किया जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को अच्छी आय प्राप्त होती है।

## स्थापना दिवस को लेकर संयोजक सह संयोजक की नियुक्ति

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश संगठन के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने जिला एवं मंडल स्तर पर संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति की है।

जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी संयोजक- सह संयोजक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री एवं पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि, 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क व संवाद स्थापित कर स्थापना दिवस के आयोजन की रूप रेखा 4 अप्रैल तक तैयार कर लें। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि स्थापना दिवस के दिन अपने घरों पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाएंगे एवं उत्सव पूर्वक स्थापना दिवस सभी मंडलों में मनाया जा ए गा । जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने जानकारी दी है कि स्थापना दिवस के आयोजन में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं की तय स्थानों पर गरिमामय उपस्थिति रहेंगी। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने पार्टी स्थापना दिवस के लिए जिला स्तर पर संयोजक पंकज गुप्ता, सह संयोजक कपिल जायसवाल, धीरेन्द्र साहू, नवरतन पाण्डेय, अशोक जायसवाल को बनाया गया है। इसी के साथ बैकुंठपुर मंडल में संयोजक अनिल साहू, सह संयोजक श्रीमती नविता शिवहरे, चरचा में संयोजक शैलेश शिवहरे, सह संयोजक अरूण जायसवाल, प्रदीप तिवारी, सलका में संयोजक राजेश सिंह, सह संयोजक वंदना राजवाड़े, कुड़ेली में संयोजक बसंत राय, सह संयोजक मोहित पैकरा व गीता राजवाड़े, पटना में संयोजक विनोद साहू, सह संयोजक गायत्री सिंह, बचरापोड़ी में संयोजक नरेश्वर रजक, सह संयोजक प्यारे साहू व सोनहत में संयोजक रामप्रताप मरावी, सह संयोजक शिव कुमार सोनपाकर एवं आशा देवी सोनपाकर को बनाया गया है।



## एकेडमिक हाइट्स व बचपन प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, पंकज जैन, ओमप्रकाश कक्कड़, मायावती तेंदूडांड सरपंच सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के संचालक संजीव ताम्रकार, ज्योति ताम्रकार, आशीष कक्कड़, तोशी अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें दहेज प्रथा, थर्ड जेंडर, वृद्ध माता-पिता के प्रति कर्तव्य, वन्यजीव संरक्षण जैसे गंभीर विषयों को मंच पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। ब्लाइंड एक्ट-छात्रों ने आंखों पर पट्टी बांधकर नृत्य किया, जिसने दृष्टिहीनों के संघर्षों को उजागर किया। कंचना एक चुप्पी का अंतः- थर्ड जेंडर पर आधारित इस नृत्य नाटिका को दर्शकों ने खड़े होकर सराहा और 5100 रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। दहेज प्रथा पर नृत्य-कक्षा पांचवी के छात्रों ने इस सामाजिक बुराई को मंच पर जीवंत किया, जिसे देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। वन्यजीव संरक्षण पर नाटिका-कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने जंगलों के महत्व और शिकार के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए भावनात्मक प्रस्तुति दी। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था की सराहना की और कहा कि जल्द ही विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस एवं जल आपूर्ति की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष किए गए सड़क निर्माण के वादे की तरह, इस बार पानी की समस्या का भी शीघ्र निराकरण होगा।

अंत में संस्था की संचालिका तोशी अग्रवाल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के डांस टीचर रितेश महतो, सोनू महतो, मनोज केसरवानी, राहुल सहित सभी शिक्षकों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।





मरम्मत कार्य में जुटे कर्मी

## पेयजल संकट से निपटने के लिए सबमर्सिबल पंपों की मरम्मत

**बैकुण्ठपुर।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर नगर पालिका शिवपुर चरचा ने ग्रीष्मकालीन पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में स्थित समरसिबल पंप मोटरों की मरम्मत की जा रही है, ताकि गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से बचा जा सके।

नगर पालिका प्रशासन के अनुसार ग्रीष्मकाल में पानी की मांग में वृद्धि होती है और इसे ध्यान में रखते हुए समरसिबल पंपों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस अभियान के तहत पंपों की मरम्मत और निरीक्षण का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि गर्मी बढ़ने पर किसी प्रकार की जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने बताया कि इस प्रयास से गर्मी के दौरान नागरिकों को पानी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और नगर पालिका पूरी तरह से सजग है,ताकि किसी भी समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके।

## पुण्य स्मृति में व्हील चेयर की भेंट



**मनेन्द्रगढ़।** स्व. श्रीमती सरस्वती देवी फरमानिया की पुण्य स्मृति में समाजसेविका श्रीमती अनीता फरमानिया ने 3 व्हील चेयर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को भेंट की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, पूर्व पार्षद सरजू यादव, समाजसेवी रामचरित द्विवेदी, प्रवीण निशि, सोमेन्द्र मंडल, पार्षद श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा, मनीष गोयल, विनीत जायसवाल, रवि जैन, रोहन फरमानिया, राहुल शर्मा, हर्षित जैन, लक्की अग्रवाल, विहाना फरमानिया समेत क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्रीमती अनीता फरमानिया ने कहा कि स्व. श्रीमती सरस्वती देवी फरमानिया के द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान को याद किया और कहा कि उनकी प्रेरणा से ही यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि व्हील चेयर जैसे उपकरणों से दिव्यांगों को सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजन ने इस तरह की पहल की सराहना की और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए श्रीमती फरमानिया का आभार व्यक्त किया। यह भेंट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांगों को चिकित्सा सेवाओं के दौरान सुविधा प्रदान करेगी, जिससे इलाके में दिव्यांग व्यक्तियों को बेहतर उपचार और देखभाल मिल सकेगी। भाजपा के पूर्व महामंत्री रामचरित द्विवेदी ने कहा कि हमारे समाज में यह बहुत जरूरी है कि हम सब मिलकर ऐसे कार्य करें, जिससे समाज के कमजोर वर्ग को सहारा मिले। श्रीमती अनीता फरमानिया की यह पहल इस दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

## बिछिया टोला समेत कई जगहों पर प्रशासन की दबिश

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया टोला में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। 30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर खनिज विभाग के आलाधिकारी ग्राम पंचायत बिछिया टोला पहुंचे और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोयले के अवैध खनन के साथ ही अवैध पत्थर खनन और अवैध रेत खनन पर कार्रवाई की। अवैध मुरूम खनन पर कार्रवाई में खनिज विभाग ने एक जेसीबी, एक टैक्टर, एक टिपर को जब्त किया है। एमसीबी खनिज विभाग ने बिछिया टोला अंतर्गत केवई नदी के किनारे कोयले के अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए 23 नग भरी बोरी की जब्त कर केल्हारी थाना में सुपुर्द किया है। एमसीबी खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि 30 मार्च को एमसीबी कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के केल्हारी तहसील अंतर्गत ग्राम बिछियाटोला में बोल्डर के अवैध उत्खनन क्षेत्र का जांच किया गया।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

## पृष्ठ 1 का शेष

### बर्ड फ्लू : 34 हजार ...

सख्त रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और बिलासपुर मार्गों पर विशेष बैरियर लगाकर सघन जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही अफवाह फैलाएं। ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक जिला कंट्रोल रूम 07836-232469 पर संपर्क कर सकते हैं।

पोल्ट्री व्यवसायियों को मिलेगा मुआवजा- एक सवाल के जबाव में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि जिन निजी दुकानदारों से मुर्गी, चूजे विनष्ट किए जाएंगे, उन्हें नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा। बर्ड फ्लू के इस प्रकोप को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त और त्वरित कदम उठाए हैं, जिससे संक्रमण को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी।

7500 किलो कुक्कुट आहार भी विनष्टीकरण- बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2,487 पेरेंट्स स्टॉक मुर्गे/मुर्गियां, 2,448 बटेर पक्षी, 9,998 कुक्कुट चूजे, 19,095 अंडे, 200 बटेर अंडे को मिलाकर 34 हजार 228 पोल्ट्री उत्पाद नष्ट किए गए, इसके साथ ही 7,500 किलो कुक्कुट आहार का विनष्टीकरण कर दिया है। कलेक्टर ने बताया कि संक्रमण को रोकने के लिए सभी कर्मचारियों को ओसेल्टामिवीर टेबलेट का नियमित वितरण किया जा रहा है।

बर्ड फ्लू को रोकथाम के लिए कंट्रोल रूम- शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बैकुंठपुर में एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि होने के बाद उप संचालक कार्यालय ने त्वरित कार्रवाई के तहत कंट्रोल रूम स्थापित करने का आदेश जारी किया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से समग्र कार्रवाई का संचालन किया जाएगा। आदेश के अनुसार उप संचालक कार्यालय में एक टीम गठित की गई है। इसमें डॉ. विमल प्रसाद पटेल (प.चि.स. शल्यज्ञ), फहीम अंसारी (स.प.चि.क्षेत्र अधिकारी), रविदास (प्रगति सहायक), कृष्णपाल सिंह परस्ते (परिचारक) और डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक कुमार शामिल होंगे। यह टीम कंट्रोल रूम में निरंतर उपस्थित रहेगी और एवियन इन्फ्लुएन्जा से संबंधित सभी कार्यों की निगरानी और कार्रवाई करेगी। यह कदम शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र के अंतर्गत बर्ड फ्लू की स्थिति को नियंत्रित करने और जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

बैकुंठपुर में रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित- शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बैकुंठपुर में एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि होने के बाद, जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) का गठन किया है। यह टीम बर्ड फ्लू की स्थिति पर सतत निगरानी रखेगी और स्थिति के अनुसार तुरंत कार्रवाई करेगी। टीम में पशु चिकित्सा विभाग के विभिन्न विशेषज्ञ और कर्मचारी शामिल हैं। इनमें अतिरिक्त उप संचालक डॉ.राकेश कुमार, प.चि.स. शल्यज्ञ डॉ.जागेश्वर सिंह श्याम, प.वि.स. शल्यज्ञ डॉ. नीलकांत राजवाड़े सहित कई अन्य क्षेत्रीय अधिकारी और हेचरी मजदूर शामिल हैं। टीम को शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बैकुंठपुर में लगातार निगरानी रखने और कंट्रोल रूम की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। टीम की सक्रियता से बर्ड फ्लू के प्रसार को नियंत्रित किया जा सकेगा और स्थिति को जल्दी सामान्य किया जा सकेगा।

## यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सरजू यादव, पार्षद अनिल प्रजापति, श्रीमती माया सोनकर, स्वप्निल सिन्हा, समाजसेविका श्रीमती मनप्रीत कौर, रामचरित द्विवेदी, विनय पांडे, गुरदीप सिंह अरोड़ा, रंजीत सिंह, प्रवीन निशी सभाजीत यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि श्रीमती यादव ने विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण की महत्ता समझाई और विद्यालय के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार पांडे ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411